RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 244 | नागौर, 09 अगस्त, 2022 (मंगलवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition



### कॉमनवेल्थ गेम्स का 11वां दिन

## बैडमिंटन स्टार सिंधु और लक्ष्य सिंगल्स में जीते

### सात्विक-चिराग ने डबल्स में जीता सोना

**बर्मिंघम.**

कॉमनवेल्थ गेम्स के 11वें दिन भारत को बैडमिंटन में तीन गोल्ड मिले। एक गोल्ड टेबल टेनिस में मिला है। इसके साथ ही भारत के अब 22 गोल्ड सहित कुल 61 मेडल हो गए हैं। भारत मेडल टैली में चौथे स्थान पर है।

बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने विमेंस सिंगल्स में और लक्ष्य सेन ने मेंस सिंगल्स में सुनहरी कामयाबी हासिल की। इसके बाद मेंस डबल्स में सात्विक साइराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी फाइनल मुकाबला जीत लिया। गोल्ड मेडल मैच में भारतीय जोड़ी ने सीन वेंडी और वेन लेन की इंग्लैंड की जोड़ी को 21-15, 21-13 से हराया।

### मेंस सिंगल्स में कमल को 16 साल बाद गोल्ड

दूसरी ओर टेबल टेनिस के मेंस सिंगल्स फाइनल में 40 साल के भारतीय धुरंधर अचंता शरत कमल ने इंग्लैंड के लियाम पिचफोर्ड के 4-1 से हराकर गोल्ड जीता। शरत कमल ने 16 साल बाद कॉमनवेल्थ गेम्स में मेंस सिंगल्स का गोल्ड जीता है। इससे पहले उन्होंने 2006 में इस इवेंट में सोना हासिल किया था। 2022 में उन्होंने तीन गोल्ड जीते हैं। सिंगल्स से पहले उन्होंने मिक्स्ड डबल्स और मेंस टीम इवेंट में भी सुनहरी कामयाबी हासिल की थी। ओवरऑल कॉमनवेल्थ गेम्स में कमल के नाम कुल 7 गोल्ड हो गए हैं।

### पहला गेम हारने के बाद लक्ष्य ने की वापसी

20 साल के लक्ष्य ने फाइनल में मलेशिया के जेई यंग को तीन गेम तक चले मुकाबले में 19-21, 21-9, 21-16 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम 19-21 से गंवा दिया। लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने जोरदार वापसी की और इसे 21-9 से जीतकर मैच में बराबरी हासिल कर ली है। तीसरे गेम में लक्ष्य ने 21-16 से जीत हासिल की। लक्ष्य सेन से पहले बैडमिंटन के मेंस सिंगल्स में पी कश्यप ने 2014 में गोल्ड मेडल जीता था। बैडमिंटन में भारतीय जोड़ी ने इंग्लैंड की जोड़ी को हराकर गोल्ड अपने नाम किया है। भारत के सात्विक-चिराग की जोड़ी ने यह मुकाबला 21-15, 21-13 के अंतर से जीता।



# खाटूश्याम मंदिर में भगदड़ से 3 की मौत

### भीड़ कंट्रोल करने तैनात नहीं थी पुलिस, एसएचओ सस्पेंड

**सीकर.**

राजस्थान के सीकर में सोमवार सुबह खाटूश्याम मंदिर में भगदड़ मच गई। हादसे में 3 महिलाओं की मौत हो गई, इनमें एक जयपुर की थीं। 4 लोग घायल हुए हैं। इस घटना में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

सूत्रों के मुताबिक एकादशी में भारी भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस अमला तैनात नहीं किया गया था। इस लापरवाही पर एसपी कुंवर राष्ट्रदीप ने खाटू एसएचओ रिया चौधरी को सस्पेंड कर दिया है। हादसा सुबह 5 बजे तब हुआ, जब एकादशी के मौके पर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ काफी बढ़ गई थी। बताया जा रहा है कि उस वक्त गेट से बाहर करीब एक लाख लोग मौजूद थे। देर रात से ही श्रद्धालु लाइन में लगे थे। जैसे ही सुबह मंदिर के पट खुले, भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई।

### सीएम ने दिए जांच के आदेश

राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। संभागायुक्त विकास सीताराम भाले पूरे मामले की जांच करेंगे। जांच से पहले ही जिला प्रशासन ने हादसे को भगदड़ मानने से इनकार कर दिया है। सीकर कलेक्टर अविचल चतुर्वेदी ने कहा कि प्रवेश दर्शन मार्ग का गेट खोलते समय भीड़ के दबाव के चलते यह हादसा हुआ है। हादसे में महिला शांति देवी, कृपा देवी और माया देवी मारी गई हैं। कृपा देवी जयपुर के मानसरोवर इलाके की रहने वाली थीं, वहीं माया देवी यूपी के हाथरस से थीं। बॉडीज को खाटूश्यामजी हॉस्पिटल की मॉर्चुरी में रखवाया गया है, जहां उनका पोस्टमार्टम होगा।

### हालात काबू में, दर्शन दोबारा शुरू- पुलिस

पुलिस ने बताया कि मंदिर के बाहर भारी भीड़ जमा थी। जैसे ही मंदिर के गेट खुले, लोग एक-दूसरे को धक्का देकर आगे बढ़ने लगे। कुछ लोगों ने बताया कि धक्का-मुक्की में एक महिला बेहोश होकर गिर पड़ी। इसके चलते पीछे आ रहे लोग भी गिरने लगे। भगदड़ की खबर मिलते ही पुलिस टीम मंदिर पहुंची और हालात संभाले। मंदिर में दर्शन दोबारा शुरू हो गए हैं।

### पीएम और सीएम ने दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि खाटूश्यामजी में भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत से दुखी हूं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि हादसे में मारी गईं तीनों महिलाओं के परिजनों के साथ उनकी संवेदनाएं हैं। उन्होंने घायलों की जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। भगदड़ में शिवचरण (50), मनोहर (40), करनाल की इंदरादेवी (55), अलवर की अनोजी (40) घायल हुए हैं। मनोहर की हालत गंभीर है। उन्हें जयपुर रेफर किया गया है।



### ग्यारस पर पांच लाख से ज्यादा लोग करते हैं दर्शन

खाटूश्यामजी के मासिक मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। पट बंद होने के कारण श्रद्धालुओं की कई किलोमीटर की लाइन लग जाती है। हर महीने दो बार ग्यारस तिथि पर खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए लाखों लोग उमड़ते हैं। ऐसा अनुमान है कि हर ग्यारस पर यहां राजस्थान समेत अन्य प्रदेशों से 5 लाख से ज्यादा लोग दर्शन के लिए आते हैं। ग्यारस पर खाटूश्यामजी के दर्शन का विशेष महत्व माना जाता है।

## उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू को राज्यसभा में विदाई

### डेरेक ने सुनाई वेंकैया की कहानी : बैल के सींग मारने से मां की मौत हो गई; गोद में सालभर का बच्चा बचा जो आगे चलकर उपराष्ट्रपति बना

**नई दिल्ली.**

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू को सोमवार को राज्यसभा में विदाई दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और तमाम नेताओं ने विदाई भाषण दिया। ज्ञरूष्ट सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने जब स्पीच दी तो वेंकैया भावुक हो गए और अपने आंसू पोंछने लगे।

डेरेक ओ ब्रायन ने वेंकैया नायडू के बचपन की कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि जब नायडू महज एक साल के थे, तब उनकी मां की मौत हो गई थी। डेरेक ने कहा, गांव में एक परिवार था, जिसके पास 8 बैल थे। एक दिन इनमें से एक भड़क गया और महिला के पेट में सींग से हमला कर दिया। उसकी गोद में एक साल का बच्चा था। उसे वहीं छोड़कर महिला को अस्पताल ले जाया गया, पर उसकी मौत हो गई। वो बच्चा वेंकैया नायडू थे।

### मोदी बोले- नायडू ऐसे उप-राष्ट्रपति जिन्होंने अपनी हर भूमिका में युवाओं के लिए काम किया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज सदन में स्पीकर, राष्ट्रपति वही लोग हैं जो आजाद भारत में पैदा हुए। सभी साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं। इसका सांकेतिक महत्व है। ये देश में नए युग का प्रतीक है। नायडू देश के ऐसे उप-राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने अपनी हर भूमिका में युवाओं के लिए काम किया। सदन में भी युवा सांसदों को आगे बढ़ाया। युवाओं के संवाद के लिए यूनिवर्सिटीज और इंस्टीट्यूशंस लगातार जाते रहे। इनका नई पीढ़ी के साथ निरंतर कनेक्ट बना रहा है।



### पढ़िए मोदी के भाषण की बड़ी बातें

उप-राष्ट्रपति के रूप में आपने जो भाषण दिए, उनमें 25% युवाओं पर थे: मोदी ने कहा, मुझे बताया गया कि उप-राष्ट्रपति के रूप में आपने जो भाषण दिए, उनमें 25 फीसदी युवाओं पर थे। व्यक्तिगत रूप से मेरा ये सौभाग्य रहा है कि मैंने निकट से आपको अलग-अलग भूमिकाओं में देखा है। बहुत सारे मौकों पर कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का मौका मिला।

कार्यकर्ता, विधायक, सांसद, भाजपा अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री के रूप में आपका काम देश के लिए हितकारी रहा है। उप-राष्ट्रपति और सभापति के रूप में मैंने आपको अलग-अलग जिम्मेदारियां में लगन से काम करते देखा है। आपने कभी भी किसी भी काम को बोझ नहीं माना। हर काम में नए प्राण फूंकने का प्रयास किया है। आपका जज्बा, आपकी लगन हमने निरंतर देखी।

**आपके वन लाइनर्स विन लाइनर्स होते हैं:** मैं हर सांसद और युवा से कहना चाहूंगा कि वो समाज, देश और लोकतंत्र के बारे में आपसे बहुत कुछ सीख सकते हैं। आपके अनुभव हमारे युवाओं को गाइड करेंगे और लोकतंत्र को मजबूत करेंगे। आपकी किताबों का जिक्र मैंने इसलिए किया, क्योंकि आपकी वो शब्द प्रतिभा झलकती है, जिसके लिए आप जाने जाते हैं।

### खाटू श्याम जी के बाद डूंगरपुर से आई दुखद खबर

## यात्रियों से भरी बस पटलटने से एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौत; दर्जनभर घायल

**जयपुरः**

राजस्थान में खाटूश्याजी मंदिर परिसर में भगदड़ मचने से हुए हादसे में तीन लोगों की मौत के बाद अब डूंगरपुर से भी दुखद खबर आई है. जहां ग्वालियर एमपी से गुजरात जा रही एक निजी ट्रेवल्स की बस एनएच 48 पर ले घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में एक बच्ची समेत 3 लोगों को दर्दनाक मौत हो गई. जबकि बस में सवार एक दर्जन लोग घायल हो गए. बस में फंसे घायलों को बाहर निकालकर बिछीवाड़ा और डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. मध्यप्रदेश के ग्वालियर से एक बस सवारिया लेकर गुजरात की ओर जा रही थी. बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे 48 पर भारी बारिश के बीच लेहणा घाटी में बस अनियंत्रित हो गई. बस हाइवे पर पलट गई, लेकिन खाई में गिरने से बच गई. बस के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई. यात्रियों के हाथ, पैर, सिर और शरीर पर कई जगह पर चोटें आई. लोगों के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर हाइवे से गुजर रहे लोग दौड़कर आए. बस में से फंसे लोगों को निकालने लगे. वहीं सूचना मिलने पर रतनपुर चौंकी से हेड कांस्टेबल सुशील कुमार, कुणाल पंड्या भी मौके पर पहुंचे.

## महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल का विस्तार आज

**जमुंबई.**

महाराष्ट्र में सीएम एकनाथ शिंदे के शपथ ग्रहण के 39 दिन बाद यानी मंगलवार को मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। इसकी तैयारियों की सुगबुगाहट भी शुरू हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, कैबिनेट विस्तार को देखते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को अपने सभी दौरे रद्द कर दिए हैं। वे नांदेड और हिंगोली जाने वाले थे।

वहीं सचिवालय कर्मचारियों की मुहर्रम की छुट्टी भी कैंसिल कर दी गई है। बताया जा रहा है कि मंत्रिमंडल में कुल 14 मंत्री शामिल होंगे। इनमें भाजपा और शिंदे गुट से 7-7 मंत्रियों को शपथ दिलाने की तैयारी है। एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस ने 30 जून को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

**कैबिनेट विस्तार को दिल्ली हाईकमान से मंजूरी-** कैबिनेट विस्तार को लेकर सोमवार को शिंदे और फडणवीस के बीच बैठक हुई। दिल्ली हाईकमान से भी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। कुल मिलाकर नए मंत्रिमंडल को लेकर सब कुछ फाइनल हो चुका है।

भाजपा खेमे से सुधीर मुनगंटीवार, चंद्रकांत पाटिल, गिरीश महाजन को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। वहीं शिंदे खेमे से गुलाब राव पाटिल, सदा सावरकर, दीपक केसरकर को मौका दिया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को गृह विभाग दिया जा सकता है।

## कोरोना वायरस के मामलों में फिर गिरावट, 16 हजार नए मामले आये

**नई दिल्ली।**

देश में कोरोना के मामलों में अब कमी देखने को मिल रही है। बीते 24 घंटे में कोरोना के नए केस में गिरावट दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में कोरोना वायरस के 16,167 नए मामले सामने आए हैं। वहीं, इस दौरान 15,549 लोग ठीक भी हुए हैं। हालांकि, देश में कोरोना के एक्टिव केस में बढ़ोतरी हुई है। कोरोना के सक्रिय मामले बढ़कर अब 1,35,510 हो गए हैं। रविवार को सक्रिय मामले 1,34,933 थे। देश में कोरोना के अब तक कुल 4 करोड़ 41 लाख 61 हजार 899 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, कुल 4 करोड़ 34 लाख 99 हजार 659 लोग ठीक हो चुके हैं। इसके अलावा अब तक कोरोना से 5 लाख 26 हजार 730 लोगों की जान भी जा चुकी है। एक्टिव केस अभी 0.31 फीसद है। रिकवरी दर 98.50 फीसद है। डेली पाजिटिविटी दर 6.14 फीसद, साप्ताहिक पाजिटिविटी दर 4.64 फीसद है। देश में कोरोना वैक्सीन की अब तक 206 करोड़ से ज्यादा खुराक दी जा चुकी है। 102 करोड़ से ज्यादा लोगों को पहली डोज लगाई जा चुकी है। वहीं, 93.59 करोड़ से ज्यादा दूसरी खुराक दी जा चुकी है। इसके अलावा 10.73 करोड़ से ज्यादा प्रीकाशन डोज लगाई जा चुकी है।


### सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर भड़के कपिल सिब्बल : बोले

## संवेदनशील मामले केवल चुनिंदा जजों को ही सौंपे जाते हैं

**नई दिल्ली.**

राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने हाल ही में पारित हुए सुप्रीम कोर्ट के कुछ फैसलों पर बयान दिया है। सिब्बल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें कोर्ट से अब कोई उम्मीद नहीं बची है। अगर आपको लगता है कि आपको सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलेगी, तो आप बहुत गलत हैं। उन्होंने कहा मैं यह बात सुप्रीम कोर्ट में 50 साल का अनुभव पूरा करने के बाद कह रहा हूं। सिब्बल ने यह बयान शनिवार को दिल्ली में आयोजित पीपुल्स ट्रिब्यूनल में दिया।

**50 साल पूरे होने के बाद भी कोर्ट से कोई उम्मीद नहीं**-उन्होंने कहा भले ही कोर्ट कोई भी ऐतिहासिक फैसला सुना दे, लेकिन इससे जमीनी हकीकत शायद ही कभी बदलती हो। इस साल मुझे सुप्रीम कोर्ट के अभ्यास के 50 साल पूरे हो जाएंगे लेकिन इसके बावजूद भी मुझे कोई उम्मीद नहीं है। हम



सुप्रीम कोर्ट के दिए गए प्रगतिशील निर्णयों के बारे में बात करते हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर जो होता है, उसमें बहुत बड़ा अंतर है। एक तरफ सुप्रीम कोर्ट ने निजता पर फैसला दिया और दूसरी तरफ ईडी के अधिकारी आपके घर आए। इसमें आपकी निजता कहां है।

सिब्बल ने कहा कि 2002 के गुजरात दंगों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य लोगों को एसआईटी ने क्लीन चिट दे दी थी। इसे लेकर कांग्रेस के पूर्व सांसद एहसान जाफरी की पत्नी जकिया जाफरी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया।

## कोटा में कॉलेज छात्रो का हंगामा

### खून से भी लेटर लिखने की कोशिश, छात्रसंघ चुनाव की तारीख आगे बढ़ाने की मांग

**कोटा.**

छात्र संघ चुनाव तारीख का घोषणा होने के बाद से ही कॉलेज केम्पस में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। छात्र नेता, चुनाव तारीख आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। कोटा में गवर्नमेंट कॉलेज में आज भी छात्रों ने प्रदर्शन किया।

छात्र नेता सोनू मीणा की अगुवाई में छात्रों ने जमकर हंगामा किया।कॉलेज केम्पस में छात्रों की मदद के लिए लगी कुर्सियां को पलट दिया। गुस्साए छात्र कॉलेज की छत पर चढ़ गए। खून से पत्र लिखने की कोशिश की,लेकिन कॉलेज स्टाफ में सिरिंज को छिन लिया। हंगामा



बढ़ता देख पुलिस मौके पर पहुंची। छात्रों से समझाइश की। छात्र नेताओं का कहना था अभी तक कॉलेजों में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। बीए फाइनल के रिजल्ट जारी नहीं हुआ। एमए में छात्रों के एडमिशन की प्रकिया शुरू नहीं हुई। इस कारण कई छात्र चुनाव में भाग लेने से वंचित रह जाएंगे।

### मंत्री के सांसद को बुलाने पर बिरला ने कहाः मेरी अनुमति के बिना ऐसा नहीं हो सकता

**नयी दिल्ली।**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह द्वारा तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय को अपने पास बुलाए जाने पर आपत्ति जताते हुए सोमवार को कहा कि आसन की अनुमति के बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री सिंह सिंह ने सदन में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में मानव संसाधन की उपलब्धता को लेकर पूरक प्रश्न का उत्तर दिया।

### मुफ्त शिक्षा, अस्पतालों में मुफ्त उपचार के खिलाफ बनाया जा रहा माहौल : केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि आजादी के 75वें वर्ष में मुफ्त सरकारी कल्याण सेवाओं को मजबूत करने के बजाए ऐसी सुविधाओं को सौगात करार देकर उनके खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। एक ऑनलाइन पत्रकार वार्ता के दौरान केजरीवाल ने केंद्र से हर घर को मुफ्त अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, 300 यूनिट बिजली प्रदान करने और 'बेरोजगारी भत्ता' देने की मांग की। उन्होंने कहा, ''कुछ लोग मुफ्त शिक्षा, सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज के प्रावधान को 'रेवड़ी' या सौगात कहते हैं। देश में सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा और सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज के प्रावधानों के खिलाफ देश में माहौल बनाया जा रहा है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''हम देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और हमें ऐसी सुविधाओं को मजबूत करने की योजना बनानी चाहिए, लेकिन हम उनके खिलाफ माहौल बना रहे हैं।''

## सम्पादकीय

# महंगाई का ईंधन

महंगाई की मार से त्रस्त लोगों पर आए दिन बोझ डालने का सिलसिला जारी है। अभी दो हफ्ते भी नहीं गुजरे कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पड़ने वाले शहरों में पाइप के जरिए आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) के दाम एक बार फिर बढ़ा दिए गए। इस बार पीएनजी दो रुपए तिरसठ पैसे महंगी कर दी गई। यानी अब दिल्ली में पीएनजी पचास रुपए प्रति घनमीटर से ऊपर निकल गई है।

रसोई गैस चाहे वह पीएनजी हो या फिर सिलेंडर वाली गैस, के लगातार बढ़ते दाम गंभीर मुद्दा बन गया है। अगर गैस इसी तरह महंगी होती रही तो आने वाले दिनों में उपभोक्ताओं के लिए यह किसी बड़े संकट से कम नहीं होगा। मुश्किल यह है कि शहरों और महानगरों में तो गैस सिलेंडर और पीएनजी ही घरेलू ईंधन का एकमात्र और प्रमुख स्रोत है। ऐसे में लोग क्या करेंगे? ले-देकर एकमात्र विकल्प बिजली बचता है, लेकिन वह किसी भी रूप से व्यावहारिक नहीं है, आर्थिक दृष्टि से तो जरा भी नहीं। लगातार बढ़ते दामों को देख कर अनुमान लगा पाना मुश्किल है कि इनके थमने का सिलसिला आखिर कहां और कब जाकर रुकेगा।

देखा जाए तो पिछले तीन महीनों में दिल्ली, मुंबई, लखनऊ सहित देश के ज्यादातर शहरों में गैस के दाम तेजी से बढ़े हैं। अप्रैल के बाद से अब तक इनमें छह बार बढ़ोतरी की जा चुकी है। सीएनजी का इस्तेमाल वाहनों में होता है। अब ज्यादातर लोग अपने वाहनों में सीएनजी इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके अलावा सार्वजनिक परिवहन के साधनों जैसे आटो, बसें, स्कूली वाहन, माल ढुलाई के वाहन आदि में भी सीएनजी का इस्तेमाल काफी हो रहा है। ऐसा इसलिए भी ताकि डीजल और पेट्रोल का इस्तेमाल कम किया जाए और प्रदूषण की समस्या से निपटा जा सके।

यह तो तय है कि महानगरों में लोग घरों में कोयले या किसी अन्य जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल तो कर नहीं सकते। ऐसे में रसोई गैस सिलेंडर और पीएनजी पर ही निर्भर रहने की मजबूरी है। कहना न होगा कि कंपनियां इसी मजबूरी का फायदा भी उठा रही हैं। हालांकि दाम बढ़ाने के पीछे उनके अपने तर्क भी हैं। कंपनियां प्राकृतिक गैस का आयात करती हैं और फिर स्थानीय कंपनियों को बेचती हैं। इसमें शुरू से अंत तक जितनी लागत बैठती है, उसका भार अंततः उपभोक्ताओं पर ही पड़ता है।

दरअसल, भारत अपनी ईंधन संबंधी जरूरतें पूरी करने के लिए कई देशों से गैस खरीदता है। इसी तरह कुल जरूरत का पचासी फीसद कच्चे तेल का भी आयात करता है। वैसे प्राकृतिक गैस का उत्पादन भारत में भी होता है, लेकिन यह इतना कम है कि बिना आयात किए घरेलू जरूरत को पूरा नहीं किया जा सकता। फिर घरेलू उत्पादन लागत भी कम नहीं बैठती।

ऐसे में दाम बढ़ाने को लेकर तेल कंपनियों का तर्क भी अपनी जगह गलत नहीं माना जा सकता। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि भारत का जो विशालकाय मध्यवर्ग और कम आय वाला वर्ग है, वह लगातार बढ़ते दामों को कैसे और कब तक बर्दाश्त कर पाएगा? पिछले एक साल में गैस के दाम पचहत्तर फीसद तक बढ़ गए हैं। इधर, पिछले दो सालों में आबादी के बड़े हिस्से की माली हालत बेहद खराब हुई है। महंगाई से लोगों का बुरा हाल है। खाने-पीने की चीजों से लेकर बिजली और ईंधन तक के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में गैस के दामों में वृद्धि को तार्किक बताना सही नहीं कहा जा सकता।

# गरीबी का दुष्चक्र

**खाद्य सुरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट- द स्टेट आफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड-2022 के अनुसार 2019 के बाद दुनिया में भूख से संघर्ष की स्थिति और गंभीर हुई है। पिछले साल यानी 2021 में करीब सतहत्तर करोड़ लोग वैश्विक स्तर पर कुपोषण का शिकार पाए गए। इनमें 22.4 करोड़ यानी उनतीस फीसद भारतीय थे। कह सकते हैं कि भारत में कुपोषितों की संख्या दुनियाभर के कुल कुपोषितों के एक चौथाई से भी अधिक है। कितना बड़ा विरोधाभास है कि भारत दूध, ताजे फलों और खाद्य तेलों के उत्पादन में दुनिया के देशों में अग्रणी है। गेहूं, चावल, प्याज, अंडे सहित कई खाद्य पदार्थों के उत्पादन में भी दूसरे स्थान पर है। इसके बावजूद वैश्विक भूख सूचकांक में भारत का स्थान एक सौ एकवां है। इन समस्याओं के लिए कभी महंगाई, कभी गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और कभी किसी महामारी को जिम्मेदार बता दिया जाता है। जैसे इन सभी समस्याओं के लिए पिछले डेढ़-दो साल में कोरोना महामारी को जिम्मेदार ठहरा दिया गया।**

**भारतीय** संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक नागरिक को जीवन की न्यूनतम आवश्यकताओं तक पहुंच के साथ गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार देता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को खाद्य सुरक्षा प्रदान करना सभी राज्यों और सरकारों का कर्तव्य है। प्रत्येक नागरिक को अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान तो चाहिए ही, साथ ही सम्मानपूर्ण और भेदभाव रहित जीवन जीने का अधिकार भी मानवाधिकार में शामिल है। इस साल जारी वैश्विक भुखमरी सूचकांक-2021 (जीएचआइ) में एक सौ सोलह देशों में भारत एक सौ एक वें स्थान पर है, जबकि वर्ष 2020 में भारत एक सौ सात देशों में चौरानवे वें स्थान पर था। रिपोर्ट के अनुसार इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल से भी पीछे है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि कोविड महामारी के बाद से गेहूं, चावल, चीनी, सब्जी, फल, खाद्य तेल, रसोई गैस, पेट्रोल आदि की कीमतों में भारी इजाफा हुआ, रेकार्ड तोड़ महंगाई बढ़ी और लोगों खासतौर से गरीब तबके को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वैश्विक भुखमरी सूचकांक की गणना मुख्यरूप से चार संकेतकों अल्प पोषण, कुपोषण, बच्चों की वृद्धि दर और बाल मृत्यु दर के आधार पर की जाती है। अब अगर भारत का स्थान इस सूचकांक में इतना नीचे है तो कहने की जरूरत नहीं कि भुखमरी, कुपोषण, बाल मृत्यु दर, गरीबी, बेरोजगारी जैसी समस्याएं यहां कितनी गंभीर समस्या बन चुकी हैं। इसमें संदेह नहीं कि महामारी के बाद से महंगाई में भारी वृद्धि हुई है और मजदूर वर्ग विशेषरूप से असंगठित क्षेत्र के कामगारों, मजदूरों व खेतिहर मजदूरों की वास्तविक आय में भारी कमी आई। इसका नतीजा क्रय-शक्ति लगातार कम होने के रूप में सामने आया है। निजी क्षेत्र में छंटनी के कारण बेरोजगारों की संख्या भी काफी ज्यादा बढ़ गई।

बेरोजगारी बढ़ने से गरीबी, अपराध, हिंसा जैसी घटनाएं भी बढ़ी हैं। भारत अनेक खाद्य पदार्थों के उत्पादन में अग्रणी है। इसके बाद भी बाईस करोड़ भारतीयों को भरपेट खाना नसीब नहीं हो पाता। सवाल है आखिर क्यों। आबादी का बड़ा हिस्सा कुपोषण का शिकार क्यों है? इससे तो यही लगता है कि ऐसी समस्याओं की जड़ें कहीं न कहीं हमारी नीतियों के भीतर ही हैं। वर्ष 2019 में दुनिया में बासठ करोड़ लोगों को भूख से जूझना पड़ा था। साल 2021 में यह संख्या बढ़ कर सतहत्तर करोड़ तक पहुंच गई। यानी सिर्फ दो साल में पंद्रह करोड़ लोग और भूख के शिकार लोगों में जुड़ गए। सामान्य-सी बात है कि एक स्वस्थ, विकसित राष्ट्र व समाज के लिए जरूरी है कि उसके नागरिक भी स्वस्थ हों। स्वस्थ नागरिकों से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण संभव है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। स्वस्थ शरीर के लिए उचित मात्रा में पोषक तत्वों और पौष्टिक भोजन की आवश्यकता होती है। शरीर और मन स्वस्थ रहता है तो वह परिवार, समाज एवं देश के विकास में सक्रिय सहभागिता कर सकता है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि भुखमरी के चलते लोगों में विशेष रूप से महिलाओं में खून की कमी की समस्या बढ़ी है। पिछले साल (2021) कुल अठारह करोड़ से ज्यादा



भारतीय महिलाएं खून की कमी से ग्रस्त पाई गईं। जबकि 2019 में यह संख्या लगभग 17.2 करोड़ थी। यह एक अकेली समस्या दूसरी कई समस्याओं को उत्पन्न करती है, जैसे मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में वृद्धि होना अथवा संतान का कुपोषित या विकलांग होना इत्यादि। परिणामस्वरुप समस्याओं का एक दुश्चक्र बन जाता है। इसलिए समझदारी इसी में है कि समस्या का प्रारंभिक स्तर पर ही समाधान कर दिया जाए। एक और विरोधाभास की चर्चा करना यहां प्रासंगिक होगा। कोरोना काल में भारत में अमीरों की संख्या में ग्यारह फीसद की वृद्धि देखी गई। अमीरों की संपत्ति पहले की तुलना में लगभग दोगुनी हो गई। इस दृष्टि से पिछले साल अरबपतियों की आबादी में अमेरिका (सात सौ अड़तालीस) पहले स्थान पर, चीन (पांच सौ चौवन) दूसरे और भारत (एक सौ पैंतालीस) तीसरे स्थान पर रहा। स्वाभाविक है कि डिजिटल क्रांति के कारण एक वर्ग विशेष ने खूब लाभ कमाया, जबकि आम नागरिक की औसत संपत्ति सात फीसद या उससे भी ज्यादा तक घट गई। इस स्थिति के कारण करोड़ों परिवार आर्थिक रूप से तबाह हो गए। उदारीकरण और निजीकरण की नीतियों के कारण पहले से ही कई समस्याओं ने गंभीर रूप धारण कर रखा है। उस पर महामारी जैसे संकट ने हालात और बिगाड़ दिए। भारत में असमानता की स्थिति को व्यक्त करने वाली इंडिया आर्म आफ ए ग्लोबल कंपटीटिवनेस इनिशिएटिव रिपोर्ट में बताया गया है कि नब्बे फीसद भारतीय प्रतिमाह पच्चीस हजार रुपए भी नहीं कमा पाते।

ऐसे में जब नब्बे फीसद लोगों की आय पच्चीस हजार रुपए से भी कम हो तो भूख की समस्या पैर क्यों नहीं पसारेगी! विशेष रूप से निम्न मध्य वर्ग, निम्न वर्ग, दलित और पिछड़े वर्ग के लोग अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को कैसे पूरा कर पाएंगे, यह बड़ा सवाल है। ये समूह महामारी और भुखमरी के कारण इलाज पर अधिक खर्च करने को मजबूर हुए हैं, जिसके कारण भोजन पर खर्च में कटौती करना इनकी मजबूरी होती जा रही है। इसी तरह उचित और रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त करना इतना महंगा हो गया है कि इस पर खर्च करने के लिए मध्य और निम्न वर्ग के लोगों को अपनी बुनियादी जरूरतों से भी समझौता करना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में लोगों को कर्ज लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। यही कारण है कि मध्य और निम्न वर्ग का एक बड़ा हिस्सा निर्धनता के दुश्चक्र में फंसता जा रहा है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

### वृषभ
दिन की शुरुआत आनंद-प्रमोद से होगी। कोई नए मित्र आपके जीवन में आ सकते हैं। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोपहर के बाद सावधानी बरतने की सलाह आपको दी जाती है।

### मिथुन
आज आपके परिवार का वातावरण उल्लासपूर्ण रहेगा। शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। आप के अधूरे काम पूरे होने से आनंद में वृद्धि होगी। व्यापारिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा।

### कर्क
भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक काम करने से सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न करें। पारिवारिक वातावरण में शांति बनी रहेगी।

### सिंह
आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी दोपहर के बाद आप निवेश संबंधी योजना पर काम कर सकते हैं।

### कन्या
आपको लाभ होगा। भाग्यवृद्धि का योग दिख रहे हैं। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

### तुला
शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नेगेटिविटी मन पर छायी रहेगी। घर के सदस्यों के साथ किसी बात का कनफ्यूजन बना रहेगा।

### वृश्चिक
आज का आपका दिन मध्यम फलदायी है। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक दिन गुजरेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे। दोपहर के बाद परिवार में झगड़े का वातावरण रह सकता है।

### धनु
आज दुर्घटना के योग हैं। हर मामले में ध्यान से रहें। अचानक किसी बात पर धन खर्च होगा। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी। मित्रों और स्वजनों से उपहार मिलने के योग हैं।

### मकर
सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने के साथ ही व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से आज का दिन लाभदायी है। वाहन चलाते समय भी सावधानी रखें। मानसिक रूप से भी कुछ अस्वस्थता का अनुभव होगा।

### कुंभ
आप का मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत मिलेंगे। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। कार्यालय में अधिकारियों को आप के काम से संतोष रहेगा। पदोन्मति के योग हैं।

### मीन
व्यापार में नए सौदों के लिए आज का समय अनुकूल नहीं है। अधिकारी तथा विरोधियों के साथ व्यर्थ चर्चा ना करें। यात्रा हो सकती है। अधूरे काम पूरे होंगे। बिजनेस या नौकरीपेशा लोगों की कोई यात्रा हो सकती है।

## व्यापार समाचार

# 5जी मोबाइल सेवाएं लगभग एक महीने में शुरू होने की संभावना : दूरसंचार राज्य देवुसिंह चौहान

नई दिल्ली।

दूरसंचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित उच्च गति वाली 5जी सेवाएं लगभग एक महीने में शुरू हो सकती हैं। चौहान ने एशिया और ओशिनिया क्षेत्र के लिए अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के क्षेत्रीय मानकीकरण मंच (आरएसएफ) के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि भारत इस साल के अंत तक 5जी सेवाओं के लिए स्वदेश में विकसित और निर्मित 5जी दूरसंचार गियर तैनात कर सकता है। उन्होंने कहा, ''लगभग एक महीने में देश में 5जी मोबाइल सेवाएं शुरू हो जाएंगी, जिसका सभी क्षेत्रों के विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। एक 6जी प्रौद्योगिकी नवाचार



समूह भी स्थापित किया गया है, जो स्वदेशी 6जी स्टैक के विकास की दिशा में काम कर रहा है।'' चौहान ने कहा कि सरकार स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित उन्नत दूरसंचार प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दे रही है, और इसके चलते भारत में आज एक मजबूत घरेलू 5जी मोबाइल संचार पारिस्थितिकी तंत्र है। मंत्री ने कहा, ''हमने पूरी तरह से स्वदेशी 5जी 'टेस्ट बेड' विकसित किया है, जो 5जी नेटवर्क तत्वों के परीक्षण की सुविधा देगा। भारत में 5जी नेटवर्क को लागू करने के लिए हमें वर्ष के अंत तक स्वदेशी रूप से विकसित और निर्मित 5जी स्टैक तैयार होने की संभावना है।'' मंत्री ने कहा कि भारतीय दूरसंचार बाजार में वृद्धि मोदी सरकार की बाजार अनुकूल नीतियों से हुई है। चौहान ने कहा, ''हमने दूरसंचार क्षेत्र में कई संरचनात्मक और प्रक्रियात्मक सुधारों की शुरुआत की है। इन सुधारों ने दूरसंचार उद्योग के लिए एक बेहद सकारात्मक और भविष्योन्मुखी वातावरण तैयार किया है।

# सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी का आईपीओ 12 अगस्त को खुलेगा

नई दिल्ली।

इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सेवा कंपनी सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी का 840 करोड़ रुपये का आईपीओ 12 अगस्त को खुलेगा। सिरमा एसजीएस ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह पिछले ढाई महीने में आने वाला पहला आईपीओ आरंभिक सार्वजनिक निर्गम होगा। इससे पहले एथर इंडस्ट्रीज का आईपीओ 24 से 26 मई के दौरान अभिदान के लिए खुला था। बयान में कहा गया कि कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए प्रति इक्विटी शेयर 209-220 रुपये कीमत तय की है। सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी के सार्वजनिक निर्गम में 766 करोड़ रुपये के नए शेयर




और वीना कुमारी टंडन द्वारा 33.69 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल हैं। मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर कंपनी को 840 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है। निर्गम 18 अगस्त को बंद होगा।







# निष्पक्ष जांच को लेकर मुस्लिम महासभा व देशवाली समाज ने सौंपा ज्ञापन

## नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म व हत्या का मामला

अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** 4 अगस्त की एक नाबालिग का अपहरण होता है और उसके साठ घण्टे बाद 6 अगस्त को उसकी लाश गच्छीपुरा (मकराना) थाना क्षेत्र के गांव तमोही में एक हौज में मिलती है। गच्छीपुरा और खुनखुना थाना हरकत में आता है लोग गच्छीपुरा थाना पर प्रदर्शन करते है। मुख्य आरोपी कथित पति सब्बीर खान को थाना गच्छीपुरा लाया जाता है और दो-तीन घण्टे बाद पता चलता है कि आरोपी थाने से फरार हो गया। कहानी पूरी फिल्मी लगती है लेकिन यह घटना डीडवाना उपखण्ड के खुनखुना थाना क्षेत्र की है, जहां पीड़ित पक्ष इंसाफ के लिए आज अभी तक थाना खुनखुना के बाहर बैठे है। यह घटना पुलिस के लचर रवैये और हत्या जैसे संगीन मामलों में भी असंवेदनशीलता दर्शाता है जहां से नामजद मुख्य आरोपी जिस पर नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसके बाद हत्या का मुकदमा दर्ज है वो भाग जाता है।

**मामा ने किए चौंकाने वाले तथ्य पेश :** इस पूरे मामले पर जब हमने पीड़िता के मामा से बात की तो कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए है। दरअसल आज से ठीक चार साल पहले नाबालिग पीड़िता का विवाह तमोही निवासी सद्दीक खान के पुत्र सब्बीर खान से हुआ चूंकि तब लड़की नाबालिग थी तो तय यह हुआ कि जब लड़की बालिग हो जाएगी तो ससुराल भिजवा देंगे, जिस पर दोनों पक्षो में सहमति बन गयी। अभी एक माह पूर्व लड़की के घर ससुर सद्दीक खान आये बातों बातों में दोनों समधी के बीच कहा सुनी हो गयी और बात गाली गलौच व एक दूसरे को देख लेने तक पहुंच गई। दिन गुजरते गए घटना से कुछ दिन पूर्व ससुराल पक्ष फिर खुनखुना आया और लड़की को ले जाने की बात की जिस पर पीहर पक्ष ने 18 अगस्त को मुकलावा कर देने की सहमति प्रदान कर दी यह सहमति दोनों परिवारों को फिर से जोड़ रही थी दोनों तरफ लोग पिछली बात भूल खुश भी थे कि 4 अगस्त को पति सब्बीर का दोपहर में लड़की के लास फोन आता है कि मैं फॉरेन से तेरे लिए एक मोबाइल फोन लाया हूँ तुम गांव से बाहर सड़क पर मुझे मिलो मैं तुम्हे फोन देकर चला जाऊंगा। यहां तक लड़की अपने साथ होने जा रही साजिश से अनभिज्ञ थी और मोबाइल फोन लेने अकेले घर से बाहर पति द्वारा बताई जगह पर चली गयी और यही भूल उसकी जान की दुश्मन बन गयी। लड़का काली स्विफ्ट डिजायर में लड़की को अगवा कर फरार हो गया। लड़की का मामा बताते है कि अगवा करने के बाद लड़की को जायल तहसील के गाँव चावड़ा नगर ले जाकर कथित तौर से सामूहिक बलात्कार किया। उसके बाद वहां से तमोही ले जाकर हत्या करके हौज में डाल दिया जो दो दिन बाद ग्रामीणों को उसकी लाश मिली । पीड़ित परिवार का आरोप है कि लड़की को तेजाब से जलाया गया है, सामूहिक बलात्कार किया गया है जिसमे पुलिस की भूमिका संदिग्ध है । बहरहाल पुलिस के हाथ खाली है, पीड़ित परिवार आंदोलित है और नेताओं के बयान आने शुरू हो गये।



### मुख्य आरोपी पति गिरफ्तार

नेताओं का प्रदर्शन में शामिल होना और सोशल मीडिया पर बयान तैरने का असर यह हुआ कि 7 अगस्त को पुलिस मुख्य आरोपी पति को पुनः गिरफ्तार कर लेती है। 8 अगस्त को जिले के अलग-अलग उपखण्ड अधिकारियों को सर्व समाज ज्ञापन देता है, जिसमें बाकी बचे आरोपियों की गिरफ्तारी, लापरवाह पुलिस कार्मिकों के खिलाफ और पीड़िता को पचास लाख मुआवजा के साथ एक पारिवारिक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग की जाती है । दूसरी पुलिस इस पूरे प्रकरण पर गम्भीर नजर आ रही है, इस मामले की गम्भीरता को देखते हुए डीडवाना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह एंव उप अधीक्षक गोमा राम चौधरी स्वयं खुनखना थाना डेरा डाले बैठे है। इस मामले में अब तक तीन पुलिस कर्मियों पर गाज गिर चुकी है, बहरहाल पूरे मामले पर स्वयं एएसपी विमल सिंह नजर गढ़ाए बैठे है। मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी दर्शाती है कि पुलिस इस बार कोई चूक नहीं करने वाली।

### विधायक डूडी व पूर्व मंत्री खान ने कहा पीड़िता को मिले न्याय

दूसरी तरफ क्षेत्रीय विधायक चेतन सिंह डुडी और पूर्व विधायक, काबीना मंत्री युनूस खान ने भी एक ट्वीट के माध्यम से घटना पर अफसोस जताते हुए अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार की उचित सहायता की मांग की है । जांच अधिकारी खुनखुना एसएचओ बनवारी लाल ने बताया कि प्रकरण धारा 302 पोक्सो एक्ट में दर्ज है वंही पूलिस उप अधीक्षक गोमाराम चौधरी से जब बात की तो उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी सब्बीर खान को गिरफ्तार कर लिया गया है, वंही सामूहिक दुष्कर्म के सवाल पर उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ रिपोर्ट में नही आया है। बहरहाल मामले को लेकर पूरा पुलिस महकमा सतर्क है अन्य लोगों की सहभागिता की जांच जारी है।

### मुस्लिम महासभा व देशवाली समाज ने सौंपा ज्ञापन

दूसरी तरफ मुस्लिम महा सभा, देशवाली समाज व देशवाली एज्युकेशन सोसायटी ने सोमवार को संयुक्त रुप से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उपखण्डाधिकारी कार्तिकेय मीणा को देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है । इस दौरान आम आदमी पार्टी प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट हकीम खान, भाजपा किसान मोर्चा के रामाकिशन खीचड़, एडवोकेट सुनील शर्मा, भाजपा नेता अमजद एच पठान, समाज के जिला अध्यक्ष अब्दुल सलाम गहलोत, नायब शहर काजी सादिक उसमानी साहब, मौलाना मिन्हाज्जुल साहब, पार्षद गुलेशर खान, हाफिज़ असरफ सहित बड़ी संख्या में लोग विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

# कुमाहारान पंचायत ट्रस्ट मन्दिर में चल रही भागवत कथा का श्रद्धालुओं ने किया रसामृतपान

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शिव मंदिर समस्त कुमाहारान पंचायत ट्रस्ट मन्दिर में भागवत कथा का भव्य आयोजन हो रहा है। सोमवार को भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धालुओं ने कथारसामृतपान किया।

इस दौरान शिव मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष भेंरुराम सचिव हंसराज मारवाल, पूर्व शिल्प एवं माटी कला बोर्ड राज्यमंत्री हरीश चंद्र कुमावत, गोरुराम कुमावत, पूर्व चेयरमेन खारिया के पूर्व सरपंच रामलाल, रामदेव सिहोटा, रुघाराम घोड़ेला, खेमाराम, हनुमानाराम, मानाराम सोकल, रत्नराम साडीवाल, कानाराम राहोरिया, लिछमण दादरवाल, मुरली नागा, भागीरथ, नरसी, तुलसीराम राजस्थानी, हेमाराम, भींवाराम, मोरवाल नावां, गणेश बालोदिया, कैन्यालाल बारवाल, भंवर सहित सर्व समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

इस दौरान भगवान की सुन्दर झांकियां प्रस्तुत की गई। रुघाराम घोड़ेला परिवार ने व्यास पीठ टीम का साफा माला पहनाकर स्वागत किया।

# रूण-भटनोखा सड़क मार्ग पर विकट मोड़, झाड़ियां व खड्ढे दे रहे हैं दुर्घटनाओं को न्योता

## बरसात के मौसम में पैदल चलना भी दुभर

फखरूद्दीन खोखर



**रूण( नागौर डेली न्यूज ) :** पंचायत समिति मूंडवा के गांव रूण में इंदिरा कॉलोनी के पास रूण से भटनोखा जाने वाली मुख्य और व्यस्ततम सड़क पर विकट मोड़,झाड़ीयां और एक गहरा खड्डा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं और दुर्घटनाओं को न्योता दे रहें है। ग्रामीण फखरुद्दीन खोखर,रामकिशोर लामरोड, सैयद हारूनअली, मोहम्मद शरीफ, अमीन अली,वार्डपंच प्रतिनिधि सीताराम मेघवाल, मांगू गोरी , हंसराज बंजारा, अब्दुल रशीद और ओंकारसिंह राजपुरोहित भटनोखा ने बताया गांव रूण से भटनोखा जाने वाले मार्ग पर इंदिरा कॉलोनी के पास डामर सड़क टूटी होने की वजह से वाहन चालकों और राहगीरों को बरसात के मौसम में बेहद परेशानी हो रही है, इसी प्रकार बरसात होते ही यह मार्ग लगभग आधा किलोमीटर में 4 से 5 फीट तक ऊंचा पूरा भर जाता है, ऐसे में वाहन तो दूर की बात है कोई आदमी पैदल सड़क पार नहीं कर सकता है। इसी प्रकार कई वाहन चालकों और ग्रामीणों ने बताया सार्वजनिक निर्माण विभाग अगर इस रोड़ के इस विकट मोड़ को झाड़ी कटिंग करके सही कर देवें और इस सड़क मार्ग पर इंदिरा कॉलोनी के आसपास पांच जगहों पर पानी निकासी के लिए पाइप डाल देती हैं तो पानी का भराव यहां पर नहीं होगा और स्पीड ब्रेकर भी बन जाएंगे,इसी प्रकार गंदे पानी की निकासी के लिए कब्रिस्तान के पास जो पुराना नाला है उसको अगर साफ करा दिया जाए तो पानी यहां पर पानी का भराव भी नहीं होगा और सड़क भी नहीं टूटेगी। ग्रामीणों ने इस खस्ताहाल सड़क मार्ग को सही कराने की सार्वजनिक निर्माण विभाग से मांग की है।

# सावन मास के अंतिम सोमवार पर मंदिरों में उमड़े शिव भक्त



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** सावन मास के अंतिम सोमवार पर शहर के सभी शिव मंदिरों पर शिव भक्तों का तांता लगा रहा। सावन सोमवार व पवित्रा एकादशी साथ होने से श्रद्धालुओं का जमघट रहा। सावन सोमवार को शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना जाना शुरू हो गया। शिव भक्तों ने भगवान भोलेशंकर की आराधना करते हुए मनोवांछित फल प्राप्त करने के लिए प्रार्थना की। कस्बे के प्रमुख शिवालय तारकेश्वर महादेव मंदिर, घुमटेश्वर महादेव मंदिर, चिंताहरण महादेव, कामुण्डा महादेव, नारायण बगीची, गणेशजी की बगेची, मिश्रजी की बगेजी, जलेश्वर महादेव मंदिर, मोटोलाव महादेव सहित विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों की श्रद्धा सैलाब देखने को मिला। इसी प्रकार सोमवार को पुत्रदा एकादशी होने से विष्णु मंदिरों में भी श्रद्धालु पंहुचे। इसे पवित्रा एकादशी भी कहा जाता है। श्रद्धालु सुबह से ही भगवान को पवित्रा अर्पित करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार सभी कष्टों से छुटकारा पाने की कामना से पवित्रा एकादशी पर भगवान विष्णु की अराधना की जाती है।

# प्रभारी मंत्री महेन्द्र चौधरी रहे सिरोही जिले के दौरे पर




सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान विधानसभा में उपमुख्य सचेतक, नावां विधायक व सिरोही ज़िले के प्रभारी मंत्री महेन्द्र चौधरी सोमवार को सिरोही ज़िले के दौरे पर रहे। कांग्रेस आईटी सेल प्रभारी गिरधारी महला के अनुसार इस दौरान महेन्द्र चौधरी ने लुणोल, पावापुरी गौशाला का निरीक्षण किया और गोपालन व पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें लम्पी स्किन डिजीज की बीमारी के बारे में सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया। गौशाला को चारा पानी व अन्य सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शीघ्र गौशालाओं की समस्याओं का समाधान करें।

# आपसी भाईचारा व सौहार्द रहे कायम : कुल्हरी

इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ )।** आगामी पर्व मोहर्रम ओर रक्षाबंधन को शांति सौहार्द से मनाने को लेकर तहसीलदार महेश कुमार शेषमा व थानाधिकारी सुमन कुल्हरी ने रविवार की सुबह 11 बजे रियांबड़ी पुलिस चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक ली। सीएलजी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी मोहर्रम, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस पर्व आ रहे हैं। इसे आपसी भाईचारे ओर सद्भाव के साथ मिलकर मनाना चाहिए। बैठक में थानाधिकारी सुमन कुल्हरी ने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की।

# डीडवाना में पांच अखाड़ों के साथ निकले ताजिया

## कोविड काल में गत दो वर्ष से नहीं निकले थे ताजियें

### शहर काजी ने किया दो दिन रोजा रखने का आह्वान

अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** त्याग और बलिदान की दास्तां का इस्लामिक पर्व मुहर्रम पर पांच अखाड़ों से सोमवार को एक साथ पांच ताजिया निकाले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार बाद नमाज ए जोहर नगर के पांच प्रमुख अखड़ों से ताजिया निकल कर शहर भर का भ्रमण करते हुए ताजियादारों के घर पहुंचे, जहाँ से फातेहा खानी और ताजिया निर्माता के सम्मान के बाद ढोल तासों की मातमी धुनों से साथ पुनः अपने अपने अखाड़ों में पहुंच गए। यहाँ से देर रात मोहल्ला सैयदान में पांचों ताजिया एक साथ इक्कठे होंगे, जहां



कत्ल की रात जैसे गमगीन माहौल में रात भर हाइदोश खेला जाएगा। जानकारी के मुताबिक सोमवार-मंगलवार मध्य रात्रि को प्रातः 5 बजे सभी पांचों ताजिया पुनः अपने अपने अखाड़ों में क़याम करेंगे, जहाँ से सांय 6 बजे सिंघी तालाब के पास स्थित कर्बला में सैराब कर दिए जाएंगे।

**शांति समिति की बैठक आयोजित :** दूसरी तरफ मोहर्रम के त्योंहार के मद्देनजर शुक्रवार की स्थानीय पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें त्योंहार को शांति पूर्ण और परम्पराओं के अनुकूल मनाये जाने पर बात की गई। मंगलवार को सांय 7 बजे तक ताजिया बाजारों में रहेंगे ऐसे में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उल्लेखनीय है कोविड काल के कारण पिछले दो सालों में ताजिया नही निकाले गए थे, लेकिन इस बार डीडवाना शहर के प्रमुख नियारियान अखाड़ा, सिलावटान अखाड़ा, सैयदान अखाड़ा, लीलघरान अखाड़ा और कुंजड़पाड़ा अखाड़ा से ताजिया निकाले जाएंगे। दूसरी तरफ मुहर्रम पर भीड़ के मद्देनजर पुलिस विभाग ने सुरक्षा और सावधानी के पुख्ता इंतजाम कर लिए है। शहर काजी जनाब रेहान उसमानी साहब और नायब शहर काजी जनाब सादिक उसमानी साहब ने एक बयान जारी कर कहा कि मुहर्रम की नो व दस तारीख यानी सोमवार और मंगलवार को रोजा रखना अफजल है।

# ट्रोले ने 7 गायों को लिया चपेट में, 3 गायों की अकाल मौत

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** नेशनल हाईवे 458 सांजू बाईपास के पास एक तेज गति व लापरवाही से आ रहे ट्रोले चालक ने सड़क से जा रही 7 गायों को एक साथ अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण टक्कर में तीन गायों की मौके पर ही अकाल मौत हो गई। जबकि 4 गाये बुरी तरह से घायल हो गई। इस सड़क दुघर्टना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या मे ग्रामीण जमा हो गये ओर ट्रोले के चालक को पकड़ लिया तथा हादसे की सूचना पुलिस थाना डेगाना पर दी। सूचना मिलते ही डेगाना पुलिस सीआई नरेंद्र कुमार जाखड़ सहित ने पहुंचकर ट्रोले को जप्त किया तथा चालक को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार सांजू बाईपास सडक़ पर तेज गति व लापरवाही से आ रहे ट्रोले ने एक साथ सात गायों को अपनी चपेट में लिया। पास ही खेत मे काम कर रहे ग्रामीण भागते हुए मौके पर पहुंचे ओर भीड़ इकट्ठी हो गई। लापरवाह चालक के खिलाफ ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। सूचना मिलते ही पुलिस जब्ता भी मौके पर पहुंचा ओर पुलिस ने चालक को गिरफ्तार किया तथा चार घायल गायों को नागौर गौशाला में उपचार के लिए भेजा।

तीन गायों की मौके पर मौत होने के उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर डेगाना सीआई नरेंद्र कुमार जाखड़, हेड कांस्टेबल गरीबा राम, आसूचना अधिकारी सुखराम सहित टीम ने ट्रॉले को कब्जे मे किया तथा चालक को गिरफ्तार किया।

# डेगाना शहर में आवारा सांडों का आंतक

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर में घूम रहे आवारा सांडों के आंतक से लोग परेशान है। खाने के चक्कर मे शहर के बीच बाजार मे आये दिन सांड आपस भिड़ते है, जिससे कई बार महिलाएं, बुजुर्ग ओर बच्चे घायल तक हो जाते है। सांडों की लडाई के कारण अपने आप को बचाने के लिए सडक तक खाली हो जाती है ओर तमाशाई लड़ाई देखने लगते है, जिससे आवागमन तक बाधित हो जाता है। लोगो ने शहर ओर बाजार मे घूमने वाले आवारा सांडों ओर पशुओं को नंदीशाला मे भेजने की मांग की है। दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि संडे को गौशाला में डाला गया है लेकिन कुछ दिनों बाद सांडों की संख्या में शहर में लगातार बढ़ोतरी हो जाती है।

# आरक्षण में संशोधन को वापस लेने की मांग को लेकर डेगाना में ओबीसी वर्ग का प्रदर्शन

## उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** ब्लॉक मुख्यालय पर ओबीसी आरक्षण की बहाली और आरक्षण में 2018 में किये गये संशोधन को वापिस लेने के लिए मुख्यमंत्री को उपजिला कलेक्टर डेगाना के मार्फत सोमवार को ज्ञापन सौंपा गया।

बेरोजगारों के हितों पर हो रहे इस भयंकर कुठाराघात का ओबीसी वर्ग में बहुत बड़ा आक्रोश है। सरकार को चेताने के लिए नारेबाजी करते हुए प्रबुद्ध नागरिकों सहित बड़ी संख्या में बेरोजगार



युवा चिल्ड्रन पार्क में बैठक के बाद उपखंड कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी, प्रर्दरशन के साथ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। धर्माराम टाटा ने कहा कि अगर इस मुद्दे पर सरकार ध्यान नहीं देगी तो आगामी समय में राज्यवापी आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर बजरंगलाल सोहू, धनाराम टाडा, कैलाश खालिया, एडवोकेट सुरेन्द्र ढाका, धर्मेंद्र, महेन्द्र, प्रेमसुख, नरेन्द्र, अशोक खालिया, चुनीलाल, हरी गोदारा, गजेन्द्र, नेमाराम पुनिया, सुरेन्द्र चोयल, करण चौधरी, कैलाश बिडियासर मुकेश महेन्द्र सुंदरियां, अजयपाल गोदारा सुशील जुजाडिया आदि ने जनसंख्या के अनुसार ओबीसी आरक्षण देने की मांग की।

# जेसीबी की टक्कर से स्कॉर्पियों पलटी, एक की मौत, 5 घायल

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी बाईपास पर तिलोटी चौराहे के पास जेसीबी की टक्कर से स्कॉर्पियों गाड़ी पलट गई, जिसमें सवार एक जने की मौके पर मौत हो गई व 5 लोग घायल हो गए। पुलिस टीम की मदद से घायलों को मिठड़ी के राजकीय अस्पताल लाया गया। इनमें दो की हालत गंभीर होने से उन्हें सीकर रैफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार डीडवाना की तरफ से स्कार्पियो गाड़ी आ रही थी वही रोड़ साईड एक जेसीबी काम कर रही थी। जेसीबी के ड्राइवर ने बिना पीछे देखे हुए बैक ले लिया जिससे स्कॉर्पियो वाहन चालक अनियंत्रित होकर जेसीबी के बकेट से टकरा गया। अचानक हादसा होने से गाड़ी पलट कर 20 फीट दूर जाकर गिर गई जिसमें सवार मूलाराम पुत्र गंगाराम जाट उम्र 50 साल निवासी कचोलिया थाना मकराना की मौके पर मौत हो गई। वंही उसके साथी राजूराम निवासी अलखपुरा, नेमीचंद निवासी अलखपुरा, अर्जुन निवासी अलखपुरा, रमेश्वरलाल निवासी बुडसू, मोहन राम निवासी बुडसू घायल हो गए।

# पालिका ईओ, अध्यक्षा व निर्माण ठेकेदार होंगे कोर्ट में तलब

## आपसी द्वेषता व जलन को लेकर काम में भेदभाव का लगाया परिवादी ने आरोप

सहदेव चौधरी

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के वार्ड संख्या 4 में पालिका प्रशासन द्वारा बनाई गई नाली को लेकर प्रार्थी सांवर मल रेगर ने कोर्ट की शरण लेते हुए पालिका ईओ, अध्यक्षा सायरी देवी एवं नाली निर्माण के ठेकेदार पर द्वेषपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया है। सांवरमल ने बताया कि पालिका द्वारा उसके मकान को छोड़कर नाली निर्माण कार्य कर रहा है। पालिका द्वारा भूखण्ड नम्बर 94 से 96 तथा 99 से 102 नम्बर के भूखण्ड के सामने निर्माण किया है, जबकि बीच के भूखण्ड 97 एवं 98 को आपसी द्वेषता के कारण निर्माण छोड़ दिया गया है। ठेकेदार का कहना कि अध्यक्षा सायरी देवी ने मना किया है। परिवादी सांवर मल ने यह भी परिवाद में बताया है कि मेरे घर के पास छोड़े गए निर्माण से बरसात का पानी जमा होता है, जिससे घर की नींव में पानी जाता है एवं नुकसान पहुंचाता है।

### ईओ, पालिकाध्यक्षा व ठेकेदार होंगे लोक अदालत में पेश

सिविल न्यायालय न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट नावां ने ईओ, पालिका अध्यक्षा और ठेकेदार को नोटिस भेजकर 8अगस्त को कोर्ट के समक्ष पेश होने के आदेश दिए हैं। लोक अदालत में ही परिवादी के परिवाद के बारे सुनवाई होगी एवं पालिका प्रशासन अपने तथ्य पेश करेगा।

# लंपी स्कीन रोग से गायों को बचाने में जुटी पालिका

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना सहित विधान सभा क्षेत्र के अनेकों गावों मे लंम्पी स्कीन नामक रोग तेजी से फैलता जा रहा है, जिसका सबसे ज्यादा असर आवारा, गौशाला ओर पालतु गायों पर हो रहा है। इस रोग से गायों को बचाने को लेकर अब कई सामाजिक संगठन ओर गोभक्त भी अपने स्तर पर गायों को दवा ओर ईलाज की व्यवस्था कर रहे है।

# कुचेरा में मातमी धुनों के साथ शहादत की रात में उठे ताजियें

महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचेरा में इस्लामिक नए साल के पहले महीने की 9 तारीख आज की रात कत्ल की रात के दिन इमामबाड़ा से मोहर्रम रात्रि 11 बजे इमामबाड़ा से उठाकर सुलेमान पीर बाबा की दरगाह होते हुए बड़ा बाजार, छोटा बाजार, छिंपो की मस्जिद तक जुलूस के साथ पुलिस सुरक्षा में निकाला गया। कुचेरा निवासी रशीद मोहम्मद उर्फ (भूरा मोहम्मद खत्री) ने बताया कि मोहर्रम हिंदू-मुस्लिम शांति और भाईचारे के मातमी ढोल और ताशे के साथ त्यौहार मनाया जाता है। सन 1977 में यहां पहली बार मोहर्रम निकाला गया। राजकीय मिडिल स्कूल पुरानी स्टेट बैंक के पास मोहर्रम का जुलूस आज भी पुरानी याद दिलाता है। इस याद में कितने लोग आज भी जिंदा है और कितने दुनिया छोड़कर चल बसे हैं।

# देशभक्ति के रंग में रंगी शिक्षा नगरी, हजारों लोगों ने निकाली तिरंगा रैली

## लॉयन्स क्लब के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** शिक्षा नगरी सोमवार को तिरंगामयी हो गई। सर्वत्र देशभक्ति से ओतप्रोत धुनों के बीच भारत माता के जयकारे एवं वंदे मारतम् की स्वरलहरियां सुनाई दी। अवसर था लॉयन्स क्लब कुचामनसिटी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पखवाड़े के तहत आयोजित तिरंगा रैली का। तहसीलदार कुलदीप चौधरी, लॉयन्स उपप्रान्तपाल द्वितीय श्यामसुन्दर मंत्री, रैली संयोजक संजीवसिंह रुणिजा, लॉयन अध्यक्ष मुकेश डालुका, सचिव मनोज अग्रवाल, मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी जगदीश राय, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी दिनेशसिंह चौधरी एवं उपासना पारीक ने तिरंगे झण्डे दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में सबसे आगे डी.जे. पर देशभक्ति से ओतप्रोत गीत चल रहे थे। इनके पीछे बुलेट मोटरसाइकिलों का काफिला, तत्पश्चात मोटरसाइकिलें एवं गणमान्य लोग चल रहे थे। इनके पीछे विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाते हुए चल रहे थे।

### हर कोई देशभक्ति रंग में रंगा दिखा

रैली में शहरवासियों एवं विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर कोई देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ था। आम से खास तक सभी हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति गीतों पर आनन्दित होते हुए चल रहे थे। रास्ते में कई स्थानों पर प्रबुद्धजनों तथा विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य कर आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न मनाया। शहर के किनोई पार्क के सामने पुराना बस स्टैण्ड से प्रारम्भ होकर रैली गोल प्याऊ, सदर बाजार, धान मण्डी, घाटी कुआं, नया शहर, सीकर रोड होते हुए पुनः पुराना बस स्टैण्ड पहुंचकर विसर्जित हुई।

### सामाजिक संगठनों ने भी निभाई भागीदारी

इस अवसर पर मुस्लिम एज्यूकेशनल वैलफेयर सोसायटी, विराग महिला मण्डल, श्याम सखा समिति, कुचामन विकास समिति सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। रैली में नोबल सीनियर सैकण्डरी स्कूल, सेंट पॉल स्कूल, जैन स्कूल पलटन गेट, सुरजी देवी काबरा उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। तहसीलदार कुलदीप चौधरी ने आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित रैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि देशभक्ति से ओतप्रोत यह कार्यक्रम निःसंदेह लॉयन्स क्लब का अनूठा प्रयास है। इससे लोगों में नवीन चेतना का संचार हुआ है। लॉयन उपप्रान्तपाल ने लॉयन्स क्लब द्वारा आजादी के अमृत पखवाड़े के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। लॉयन अध्यक्ष मुकेश डालुका ने समागत अतिथियों, लॉयन सदस्यों, प्रबुद्धजनों एवं विद्यार्थियों का रैली को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, दलपतसिंह रुणिजा, सुभाष रांवका, सम्भागीय अध्यक्ष श्यामसुंदर सैनी, अशोक काला, नवदीप खोखरिया, अमित शर्मा, नरेश जैन, संजय रांवका, महेश रामचन्दरका, कृष्णकुमार टेलर, नरेंद्र शर्मा, श्याम सुंदर लोहिया, डॉ. निकित मदान, डॉ. प्रगति मदान, चेतन खालड़का, हेमराज पारीक, संजय मोर, नंदकिशोर अग्रवाल, बाबुलाल मांधनिया, श्याम सुंदर खोखरिया, कमल पहाड़िया, शुभम अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सुमित राजपुरोहित सहित बड़ी संख्या में लॉयन सदस्य मौजूद थे। इसी प्रकार पूर्व पालिकाध्यक्ष नटवरलाल वक्ता, पार्षद अयूब शेख, टैगोर स्कूल के प्रतिनिधि जगदीश कुलहरी, पूर्व सरपंच सुभाष जैन चितावा, पूर्व पार्षद बनवारी मोर, बरखा रानी जैन, सुनील शेखराजका, शोभा रांवका पूरे समय तक रैली में मौजूद थे। रैली पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# स्कूली बच्चो ने तिरंगा रैली निकालकर किया आमजन को जागृत

श्यामसुन्दर प्रजापत



**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी भारत सरकार के आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र के प्रति अपना समर्पण व देश प्रेम के भाव मन में रख अपने घर पर 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने की अपील की गई है। तिरंगें सरकार द्वारा पंचायत मुख्यालय और डाकघर पर उपलब्ध करवा दिया गये है। जो 25 रूपये जमा करवाकर तिरंगें को प्राप्त किया जा सकेगा। सरकार द्वारा इस अभियान हेतु देशवासियों से अपील है की राष्ट्र के प्रति अपना समर्पण व देश प्रेम के भाव मन में रख अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराना है। एक राष्ट्र के रूप में ध्वज को सामूहिक रूप से घर लाना इस प्रकार न केवल तिरंगे से व्यक्तिगत संबंध का एक कार्य बल्कि राष्ट्र-निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी बन जाता है। पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। क्योंकि यह जन आंदोलन है इसीलिए इस अभियान के सफल होने के लिए सभी की भागीदारी अहम है। अभियान के तहत पदमपुरा सिरगोठ के ग्राम ठठाना स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय भाखरो की ढ़ाणी में स्कूली बच्चो ने तिरंगा रेली निकाल कर आमजन को देश प्रेम के प्रति जाग्रत किया। इस दौरान अध्यापिका मंजुला बोहरा, अध्यापक खेमाराम चौधरी, लादूराम गुर्जर, रामेश्वर गुर्जर, भंवरलाल, अमराराम, छोटी देवी, सोहनी देवी, पिन्टू देवी, पूसादेवी, तिजू देवी, प्रेम देवी, ओमाराम, प्रहलाद, हनुमान, महेंद्र, रामदेव, सुरेंद्र, राकेश, लालाराम, बजरंग, नरेन्द्र सहित स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने निकाली तिरंगा रैली हर घर तिरंगा फहराने का दिया गया संदेश

कमल सैन




**मौलासर( नागौर डेली न्यूज ) :** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने रामसर की ढाणी स्थित राजकीय विद्यालय से गांव बांसा तक तिरंगा रैली निकालकर करीब दो किलोमीटर के ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। रैली में क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, संरक्षक लॉयन पवन जैन, सहसचिव लॉयन रचित नंदवाना, सर्विस चेयरपर्सन लॉयन जितेंद्रसिंह राजपुरोहित, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुमताज खान, अध्यापक श्रवणकुमार मीणा, बजरंगलाल, करणसिंह, जीवणराम, मोनिका खंडेलवाल, चंदा कुम्हार एवं बच्चों ने दो किलोमीटर तक के रास्ते में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय एवं वंदेमातरम का उद्घोष कर वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया समापन पर क्लब द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों को तिरंगा वितरण कर सम्मान के साथ घर पर फहराने का आह्वान किया गया। इस दौरान लॉयन राम काबरा ने कहा शहीदों की याद में राष्ट्वाद को समर्पित इस रैली के माध्यम से क्लब द्वारा लोगों को हर घर तिरंगा फहराने का संदेश देने का प्रयास किया है जिसमें विद्यालय परिवार का भी अभूतपूर्व सहयोग रहा इसके लिए क्लब सभी का आभार व्यक्त करता है।

# नाकाबंदी के दौरान पुलिस के जवानों पर बोलेरो कैंपर चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास

## दो आरोपी को किया गिरफ्तार

हुकमाराम ताडा



**खींवसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर उपखंड क्षेत्र के भावंडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान पुलिस जाब्ते को जान से मारने की नियत से बोलेरो गाड़ी को पुलिस जाब्ता के ऊपर चढ़ाने के प्रकरण में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भावंडा थाना अधिकारी सिद्धार्थ प्रजापत ने बताया कि पांचला सिद्धा रोड से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा 6 अगस्त को नाकाबंदी के दौरान पुलिस जाब्ते को जान से मारने की नियत से बोलेरो गाड़ी को जाब्ता के ऊपर चढ़ाने के लिए सरकारी जीप को टक्कर मारी, जिसका प्रकरण खींवसर पुलिस थाने में दर्ज है। जिला एसपी राममूर्ति जोशी के निर्देशन में व राजेश मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं विनोद कुमार सींपा सीओ नागौर के निकटतम सुपर विजन सिद्धार्थ प्रजापत थाना अधिकारी भावंडा वह अशोक बिसू थाना अधिकारी खींवसर के संयुक्त कार्रवाई कर पुलिस थाना खींवसर में प्रकरण संख्या के आरोप में मुलजिम कमल किशोर पुत्र तेजारम जाति जाट उम्र 20 साल वह हनुमान राम पुत्र मोहनराम जाति जाट उम्र 24 साल निवासी आचीणा पुलिस थाना पांचौड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 6 अगस्त को पांचला सिद्धा रोड पर नाकाबंदी पुलिस ने शुरू की थी। इस दौरान नाकाबंदी के दौरान खींवसर की तरफ से एक बिना नंबरी बोलेरो कैंपर जिसके आगे लोहे का बंपर लगा हुआ व शीशों पर काली फिल्म लगी हुई। जिसे थाना अधिकारी द्वारा गाड़ी को रुकने का इशारा किया। बोलेरो कैंपर बिना नंबरी के चालक ने गाड़ी को तेज गति से चला कर नाकाबंदी में खड़े थाना अधिकारी व जाब्ता को जान से मारने की नियत से ऊपर चढ़ाने का प्रयास कर सरकारी जीप नंबर को बाई तरफ से टक्कर मारी। जिससे सरकारी गाड़ी क्षति ग्रस्त हो गई। थानाधिकारी मय जाब्ता द्वारा पास की झाड़ियां में भागकर जान बचाई। पुलिस ने घटना के दौरान बोलेरो कैंपर बिना नंबरी को जप्त किया है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल



महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** हेमण्डा नाडा के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कुचेरा निवासी गरीबराम पुत्र प्रेमारम घांची मोटरसाईकिल से आते समय हेमण्डा के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया, जिसे रामेश्वर सारण ने निजी एम्बुलेंस से कुचेरा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे नागौर व वहां से जोधपुर रेफर कर दिया गया।

# दो महत्वपूर्ण कार्य में पूर्ण सहयोग करने को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

कमल सैन



**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** ग्राम विकास अधिकारी संघ के असहयोग आंदोलन के दौरान दो महत्वपूर्ण कार्य में पूर्ण सहयोग करने को लेकर सोमवार को विकास अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में बताया कि ग्राम विकास अधिकारी संघ के लिखित समझौते की पालना नहीं होने से विवश होकर वादा खिलाफी आक्रोश आंदोलन के तहत 4 अगस्त 2022 से कलम बंद असहयोग आंदोलन कर रहा है, लेकिन संवर्ग सदैव ही सामाजिक सरोकारों तथा राष्ट्रीय व राज्य हित को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करता रहा है। वर्तमान में उनके साथ हुए लिखित व हस्ताक्षरित समझौते को लागू करवाने के लिए असहयोग आंदोलन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रदेश के गोवंश में लंपी वायरस नामक भयानक संक्रामक बीमारी फैल रही है, जिससे हजारों गोवंश काल का ग्रास बन चुके हैं तथा पशु चिकित्सा विभाग के पास पर्याप्त संख्या में मानव संसाधन भी उपलब्ध नहीं है। इन सब परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग ने प्रदेश के गो वंश में फैल रही इस महामारी में शासन व सरकार का पूर्ण सहयोग करने का निर्णय लिया है। साथ ही आजादी के 75 वें वर्षगांठ पर मनाए जा रहे राष्ट्र गौरव के महापर्व आजादी के अमृत महोत्सव में घर-घर झंडा वितरण सहित समस्त गतिविधियों में भी ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग ने पूर्ण संवेदनशीलता से सहयोग करने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त अन्य समस्त कार्यों में ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग का कलम बंद असहयोग आंदोलन अनिश्चितकाल के लिए जारी रहेगा। ज्ञापन देने में इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी कुम्भाराम मूंड, सुभाष कुमार पूनिया, घनश्याम शर्मा, महेश कुमार डोडवाडिया, सुरेन्द्र कुमार कुमावत, प्रदीप जाखड, मनीष मीना, आनंद कुमार, गणेश थोरी, राजू कुमावत, कपिल भाटी, शाहबाज खान सहित ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# श्याम सुंदर बने मेड़ता नामदेव दर्जी छीपा समाज के अध्यक्ष

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता नामदेव दर्जी छीपा समाज के तत्वाधान में रविवार को मेड़ता नामदेव समाज भवन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज का लेखा जोखा तथा नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें वीरेंद्र वर्मा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया। इसमें समाज की सर्वसमिति से मेड़ता निवासी श्याम सुंदर खत्ती को मेड़ता नामदेव दर्जी छीपा समाज का अध्यक्ष चुना गया। खत्ती के अध्यक्ष बनने पर मेड़ता समाज द्वारा माला पहना कर अभिनंदन किया। बैठक में पूर्व कोषाध्यक्ष कैलाश तोलम्बिया ने समाज का लेखा जोखा पेश किया। वही पूर्व सचिव भगवती लाल टेलर ने समाज में हुवे कार्य आदि का विस्तार पूर्वक बताया। समाज नवनियुक्त अध्यक्ष खत्ती ने बताया कि समाज की एकता, समाज का विकास समाज का एक जुट रहना उसी से समाज का विकास होता है। समाज के सभी नागरिको को एक मत रहकर समाज के विकास में भागीदारी निभानी चाहिए। वही खत्ती ने बताया आगानी बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया जायेग।

**ये रहे बैठक में उपस्थित :** इस मौके पर सुगनचंद तोलम्बिया, अखिल नामदेव मारवाड़ी दर्जीयान ट्रस्ट पुष्कर अध्यक्ष नवरतमल टाक, पूर्व अध्यक्ष नोरतमल सर्वा, रामकिशोर तोलम्बिया, जगदिश प्रसाद नागर, दामोदर लाल रुणवाल, प्रेम चंद रुणवाल, नेमीचंद खत्ती, कन्हैयालाल रुणवाल, सुखदेव नेरिया, बी एल टेलर, कैलाश वर्मा, त्रिलोक चंद तोलम्बिया, रामनिवास रुणवाल जडाउ, दिनेश उठवाल, विजय राज खत्ती, कैलाश नागर, सुरेश तारवान, ताराचंद नागर, प्रेम चंद ऊँटवाल, श्याम किशोर तोलम्बिया, घनश्याम तोलम्बिया हीरा लाल नेरिया, कालू रुणवाल, अनिल डीडवानिया, शिवरतन रुणवाल, उदयराज नागर,महावीर कावलिया, विनोद इरड़ीवाल, नरेंद्र तोलम्बिया, सीपी डीडवानिया, मनोज वर्मा, महेन्द्र टेलर, प्रकाश सर्वा,सुरेश रुनवाल, मुकेश नागर, योगेश रुणवाल सहित समाज के नागरिक मौजूद थे।

# मातृ शक्ति ने पुष्कर से पैदल कावड़ लाकर भगवान शिव को चढ़ाया

लुकमान शाह



**थांवला( नागौर डेली न्यूज ) :** थांवला निकटवर्ती ग्राम लाडपुरा में मातृ शक्ति ने पुष्कर से पैदल कावड यात्रा से जल लाकर श्री मोहिनेशवर महादेव मंदिर में भगवान शिव को चढाया। आज के युग में नारी किसी भी क्षेत्र में पिछे नहीं है। विरेन्दर सिंह शेखावत अभिकर्ता लाडपुरा ने बताया की ग्राम से लगभग पचास युवाओ ने पिछले सोमवार को पुष्कर से कावड लेकर आये थे पर राशन डिलर श्री बुधा राम जी बागडा का आकस्मिक निधन हो जाने के कारण उनका उत्साह वर्धक व अभिनंदन नही किया जा सका इसी तरह अबकी बार महिलाओं व बचियो ने भी बढ चढकर हिस्सा लिया।

यात्रा के दौरान भक्तजन जल को कांवड़ में भरकर लाते हैं और फिर लंबी यात्रा करते हुए इस जल से भगवान शिव का अभिषेक करते हैं।

# मूंडवा के डिस्कॉम कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध




अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेश व्यापी आव्हान पर सोमवार को विद्युत डिस्कॉम मूंडवा के बिजली कर्मचारियों ने अपने अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर एवं ट्वीटर पर भी अभियान चलाकर विरोध प्रदर्शन किया। तकनीकी कर्मचारी गोविंद मिर्धा ने बताया कि राजस्थान सरकार और विद्युत विभाग द्वारा बिजली कर्मचारियों की जायज मांगो का उचित समाधान करने के बजाए कर्मचारियों की आवाज को दबाने के लिए रेस्मा लगाकर दमनचक्र चलाया जा रहा हैं, जिसके विरोध में आज विद्युत डिस्कॉम मूंडवा के सहायक अभियंता अजीत कुमार पांडेय एवं सहायक राजस्व अधिकारी पुरुषोत्तम पुरोहित को ज्ञापन प्रस्तुत कर अवगत करवाया कि सरकार और विधुत विभाग द्वारा कर्मचारियों की मांगों का उचित समाधान नही किया जाता हैं तो कर्मचारी उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे। साथ ही निगम कार्मिक चंद्रप्रकाश मिर्धा ने सभी कर्मचारी साथियों से आव्हान किया हैं कि वह सभी अपने अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर कार्य करे एवं ट्विटर पर मुख्यमंत्री और उर्जा मंत्री को मांगो को लेकर टेग करें।

कार्यालय सहायक अभियंता विद्युत डिस्कॉम मूंडवा परिसर में गोविंद मिर्धा, चंद्र प्रकाश मिर्धा, रामलाल, मनसब खान, हजारी राम, ओम प्रकाश, धीरज राज, भूराराम मुंडेल, राकेश खटीक, अनिल जाखड़, ऋषभदेव, सनत कुमार मिश्रा, सुधाकर, रणवीर, गौतम, विजय कुमार, राजकुमार, रणजीत, जगदीश चौकीदार सहित इत्यादि बिजली कर्मी उपस्थित थे।

# कबड्डी में नागौर टीम रही प्रथम



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** ऑपन जूनियर राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन अलवर के चिकानी में हुआ, जिसमें फाईनल मुकाबला हनुमानगढ व नागौर के बिच खेला गया। इस मुकाबले में 41-45 से नागौर टीम विजयी रही। इसमें वीर तेजा शिक्षण एवं शोध संस्थान की दो छात्राएं सीमा चौधरी व सीमा काला ने अपना बहतरीन प्रदर्शन दिया और टीम नागौर को विजयी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संस्थान पहुचनें पर दोनों छात्राओं का कुकुम तिलक लगा कर स्वागत किया। संस्थान प्रबन्धन समिति व तेजास्थाली परिवार ने इनके उज्वल भविष्य की कामना की।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com